Publication	Hindustan
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	20th August 2018

हिन्दुस्तान

गुब्बारे उड़ाकर अटल जी को श्रद्धांजलि

स्मरण

- सेक्टर-82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट में आयोजन
- लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री को कुशल वक्ता बताया

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

सेक्टर-82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट में रविवार को पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम हुआ। यहां के निवासियों ने एक साथ 1000 तिरंगे रंग के गुब्बारों पर उनके सम्मान में संदेश लिख कर आसमान में छोड़े।

वटिका इंडिया नेक्स्ट निवासी 12 वर्षीय हर्षिका गुप्ता ने कहा कि वाजपेयी जी हमेशा मेरे लिए और पूरे राष्ट्र के लिए एक प्रेरणा स्रोत रहेंगे। इन हीलियम गुब्बारों पर लिखे गए संदेशो के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का गौरव प्राप्त हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री का एक उदाहरण जीत और हार जीवन का एक हिस्सा है, जिसे समानता के साथ देखा जाना चाहिए। मेरा बहुत पसंदीदा है। सभी वर्ग के लोगों ने एक साथ मिलकर वाजपेयी जी को सम्मान देने के लिए भावनात्मक संदेश लिखे।

इसमें वह एक कुशल वक्ता, कवि और शांतिप्रिय आदमी थे। उनसे मुझे जीवन में कभी हार न मानने की सीख मिली। देश हमेशा आपको याद करेगा सर। वाजपेयी जी का व्यक्तित्व राजनेता, कवि और एक वक्ता का मिश्रण था। वह सभी के लिए प्रेरणा के श्रोत थे। जब अटल जी संसद में बोलते थे तो पंडित नेहरू कांग्रेसी नेताओं से कहते थे कि इन्हें सुनो एक दिन ये बहुत बड़ा राजनेता बनेगा। नेहरू के बाद देश ने अगर किसी नेता को प्यार किया है तो वो है ताअटल बिहारी वाजपेयी।

वहीं दूसरी तरफ गुरुग्राम सेक्टर-9ए स्थित सिद्धेश्वर स्कूल में रविवार को भारतीय जनता पार्टी गुरुग्राम की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा हुई। इस दौरान लोगों ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर लोगों ने उन्हें लोकप्रिय जननेता और महान व्यक्तित्व का व्यक्ति बताया।

Publication	Dainik Jagran
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	01
Date	20th August 2018

दैनिक जागरण

संदेश लिखे गुब्बारों से दी श्रद्धांजलि

वाटिका इंडिया नेक्स्ट सोसायटी वासियों ने भावनात्मक संदेश लिखे गुब्बारे छोड़कर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि • जागरण

जागरण संवाददाता, नया गुरुग्राम : साइबर सिटी के सेक्टर-82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट सोसायटी वासियों ने निराले अंदाज में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भावुक कर देने वाले संदेशों के साथ 1000 गुब्बारे आसमान में उड़ाए।

अपने प्रिय नेता को याद करते हुए लोगों ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को हमेशा भारत के महान नेताओं में से एक के रूप में याद किया जाएगा। दशकों तक भारतीय राजनीति की धुरी रहे वाजपेयी राष्ट्र के लिए एक प्रेरणास्रोत रहेंगे। युवाओं ने वाजपेयी के नाम संदेश में 'आप ने मुझे जीवन में कभी हार न मानने की सीख दी', 'आप हमेशा दिल में रहेंगे क्योंकि आपकी अटल यादें मेरे साथ हैं', 'हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा, काल के कपाल पे लिखता मिटाता हूं, गीत नया गाता हूं' जैसी पंक्तियां लिखे गैस के गुब्बारे आसमान में छोड़े।

संबंधित खबरें >> पेज IV

Live हिन्दुस्तान.com

https://www.livehindustan.com/ncr/gurgaon/story-tribute-to-vajpayee-ji-by-blowing-up-1000-balloons-in-the-sky-2131159.html

1000 गुब्बारे आसमान में उड़ाकर वाजपेयी जी को दी श्रद्धांजलि

1 / 5 | सेक्टर-82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट में रविवार को पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां के निवासी ने एक साथ 1000 तिरंगे रंग के...

गुरुग्राम। कार्यालय कार्यालय संवादाता

सेक्टर-82 स्थित वाटिका इंडिया नेक्स्ट में रविवार को पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम हुआ। यहां के निवासियों ने एक साथ 1000 तिरंगे रंग के गुब्बारों पर उनके सम्मान में संदेश लिख कर आसमान में छोड़े। वटिका इंडिया नेक्स्ट निवासी 12 वर्षीय हर्षिका गुप्ता ने कहा कि वाजपेयी जी हमेशा मेरे लिए और पूरे राष्ट्र के लिए एक प्रेरणा स्रोत रहेंगे। इन हीलियम गुब्बारों पर लिखे गए संदेशो के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का गौरव प्राप्त हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री का एक उदाहरण 'जीत और हार जीवन का एक हिस्सा है, जिसे समानता के साथ देखा जाना चाहिए' मेरा बहुत पसंदीदा है।

सभी वर्ग के लोगों ने एक साथ मिलकर वाजपेयी जी को सम्मान देने के लिए भावनात्मक संदेश लिखे। इसमें वह एक कुशल वक्ता, कवि और

शांतिप्रिय आदमी थे। उनसे मुझे जीवन में कभी हार न मानने की सीख मिली। देश हमेशा आपको याद करेगा सर। वाजपेयी जी का व्यक्तित्व राजनेता, कवि और एक वक्ता का मिश्रण था। वह सभी के लिए प्रेरणा के श्रोत थे। जब अटल जी संसद में बोलते थे तो पंडित नेहरू कांग्रेसी नेताओं से कहते थे कि इन्हें सुनो एक दिन ये बहुत बड़ा राजनेता बनेगा। नेहरू के बाद देश ने अगर किसी नेता को प्यार किया है तो वो है ताअटल बिहारी वाजपेयी।